Title: Need to improve the functioning of telephones in Bhind Parliamentary constituency, Madhya Pradesh.- Laid.

डा. राम लखन सिंह (भिण्ड): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र भिंड (मध्य प्रदेश) के अन्तर्गत लाहार, आलमपुर, दबाऊ, सेवड़ा, अमाइन आदि स्थानों पर पिछले ६ माह से टेलीफोन व्यवस्था एकदम ठप्प पड़ी हुई है, न तो लोग यहां से कहीं टेलीफोन कर पा रहे हैं और न उन्हें कोई टेलीफोन की सूचना ही मिल पा रही है जिसके कारण व्यापारी वर्ग तथा आम जनता को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। व्यापारियों के व्यापार पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है तथा टेलीफोन ठीक न होने के कारण काफी नुकसान होता जा रहा है।

इस क्षेत्र के लोगों का अन्य शहरों के लोगों से टेलीफोन संपर्क कट गया है। अतः मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत उपरोक्त स्थानों पर संचार व्यवस्था सुचारू रूप से चलाने के लिए उचित कार्वाई करने का कष्ट करें।।